Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- रोहट जिला पाली में लेखा सहायक (संविदाकर्मी), कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहट जिला पाली को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 21 जून, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. पाली द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **देवकीनन्दन शर्मा लेखा सहायक (संविदाकर्मी) कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहट जिला पाली** को **20,000/- रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी पाली द्वितीय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की कार्यालय ब्लॉक- मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहट में टेण्डर से लगी गाडी को निरन्तर चालू रखने व अप्रेल से जून तक के बिल पास करवाने की ऐवज में देवकीनन्दन लेखा सहायक (संविदाकर्मी) कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहट जिला पाली द्वारा बीस हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पाली द्वितीय के प्रभारी **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देरावर सिंह** एवं टीम के द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाया जाकर आज दिनांक 21.06.2026 को ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी देवकीनन्दन शर्मा लेखा सहायक (संविदाकर्मी) को रिश्वत राशि 20,000/- रूपये लेते हुऐ रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि प्राप्त कर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहट की नई ईमारत के प्रथम तल में रखी लकडी की दराज में रखी गई जहां से एसीबी टीम द्वारा बरामद की गई। बीसीएमओ डॉक्टर हार्दिक राजपुरोहित की कार्यवाही में संलिप्तता होने से डॉ. हार्दिक राजपुरोहित के घर की तलाशी एसीबी यूनिट जोधपुर शहर के प्रभारी **श्री किशन सिंह उप अधीक्षक पुलिस** द्वारा ली गई, जिसको कार्यवाही की भनक लगने से वे फरार है जिसकी तलाश जारी है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हेल्पलाइन नंबर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94135-02834 पर 24X7 संपर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वेद कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी